सत्यमेव जयते

राजस्थान राज–पत्र साधारण	RAJASTHAN GAZETTE Ordinary
साधिकार प्रकाशित	**Published by Authority**

जिल्द 78 वैशाख 10, गुरुवार, शाके 1948– अप्रेल 30, 2026 अंक 5
Vol. 78 Vaisakha 10, Thursday, Saka 1948–April 30, 2026 No. 5

भाग 7

विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुए सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

शपथ–पत्र (नागरिकों के लिए)

मैं ,राजा राम (Raja Ram) पुत्र चुन्निलाल (Chunnilal). आयु लगभग 52 वर्ष, जाति विश्नोई. निवासी रोडा रोड. किशन धर्म कांटा के पास. नोखा. जिला बीकानेर. राजस्थान. यह शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि :–

1. यह कि मेरा सही. वास्तविक एवं विधिक नाम राजा राम (Raja Ram) है. जो मेरे विभिन्न सरकारी पहचान दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड. मतदाता पहचान पत्र. जन आधार कार्ड आदि में अंकित है।
2. यह कि मेरी पुत्री अकाशा विश्नोई (Akasha Vishnoi) की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की अंकतालिकाओं तथा कुछ शैक्षणिक अभिलेखों में मेरा नाम राजाराम कालीराणा/राजा राम कालीराणा (Rajaram Kalirana/Raja Ram Kalirana) अंकित हो गया है, जो कि नाम लेखन में हुई त्रुटि है।
3. यह कि राजा राम (Raja Ram). राजाराम कांलीराणा (Rajaram Kalirana) एवं राजा राम कालीराणा (Raja Ram Kalirana) – ये सभी नाम एक ही व्यक्ति अर्थात् मैं स्वयं को संदर्भित करते हैं। तथा इनमें कोई भिन्न व्यक्ति सम्मिलित नहीं है।
4. यह कि पूर्व में भारत सरकार के राज–पत्र (केंद्रीय गजट) में दिनांक 05 जुलाई, 2025 को मेरी पुत्री के नाम परिवर्तन से संबंधित एक अधिसूचना प्रकाशित हुई थी. जिसमें मेरे नाम का उल्लेख राजाराम कालीराणा (Rajaram Kalirana) के रूप में हो गया था. जो कि अनजाने में हुई नाम लेखन की त्रुटि थी।
5. यह कि उक्त त्रुटि का उद्देश्य किसी प्रकार की पहचान परिवर्तन. धोखाधड़ी अथवा गलत प्रस्तुति नहीं था. बल्कि यह केवल नाम संबंधी असंगति मात्र है।
6. यह कि मैं यह शपथ पत्र इस उद्देश्य से दे रहा हूँ कि मेरी पुत्री अकाशा विश्नोई (Akasha Vishnoi) के समस्त शैक्षणिक एवं शासकीय अभिलेखों में मेरे नाम को राजा राम (Raja Ram) के रूप में समान/सुधारित किया जा सके. जिससे सभी अभिलेखों में एकरूपता बनी रहे।
7. यह कि इस शपथ–पत्र के साथ मैं अपने पहचान दस्तावेजों (आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि) की स्व–प्रमाणित प्रतियाँ संलग्र कर रहा हूँ।

   मैं यह शपथ–पत्र पूर्ण होश–हवास में, बिना किसी दवाब के सत्य एवं सही तथ्यों के आधर पर दे रहा हूँ।

घोषणा/सत्यापन

मैं, उपरोक्त कथनकर्ता, यह सत्यापित करता हूँ कि इस शपथ पत्र में अंकित सभी कथन मेरे व्यक्तिगत ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार पूर्णतः सत्य एवं सही है तथा इसमें कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है।

स्थान :– नोखा, जिला बीकानेर (राजस्थान)
दिनांक :– 05.03.2026

राजाराम
हस्ताक्षर शपथकर्ता
राजा राम/RAJA RAM

ATTESTED
B. S. SHEKHAWAT
05-03-2026
NOTARY PURLIC, AJMER.
2795

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।